मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-300
04/09/2019

मुख्यमंत्री ने बिहटा–सरमेरा सहित कई अन्य सड़कों का किया निरीक्षण

पटना 04 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जाने के क्रम में एस0एच0– 78 सड़क का निरीक्षण किया। यह सड़क डुमरी से सरमेरा तक बनी है। इसमें डुमरी से बिहटा एयरपोर्ट तक भूमि उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव पथ निर्माण को निर्देश दिया कि छह माह के अंदर सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करायें ताकि बिहटा से सरमेरा तक सड़क निर्माण का कार्य मार्च 2020 तक पूरा हो सके।

मुख्यमंत्री ने एन0एच0– 30ए सड़क का भी निरीक्षण किया। यह सड़क फतुहा–दनियावां–हरनौत–बाढ़ तक 71 किलोमीटर लंबी है। यह सड़क 65 किलोमीटर तक बनकर तैयार है। शेष बचे हुये 6 किलोमीटर दनियावां बाईपास/हरनौत बाईपास/बाढ़ बाईपास हैं। मुख्यमंत्री ने इसे भी चार माह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में प्रधान सचिव पथ निर्माण ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि एन0एच0– 31 के फोर लेन चौड़ीकरण के कार्य में भूमि अर्जन का काम प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इस कार्य में तेजी लायी जाय ताकि फोर लेन चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र आरंभ हो सके।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के क्रम में पटना से राजगीर के बीच शॉटेस्ट एवं फास्टेस्ट कनेक्टिविटी के लिये पटना–बख्तियारपुर फोर लेन पथ से तेलमर होते हुये नूरसराय तक 20 किलोमीटर लंबा, 10 किलोमीटर चौड़ा नये रोड के एलायनमेंट की भी सहमति दी। इसका भी निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने रामघाट से डियावां तक 20 किलोमीटर लंबा, साढ़े पॉच मीटर चौड़ा 60 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे पथ का भी निरीक्षण किया और इसे जून 2020 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, सचिव परिवहन सह बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह एवं पथ निर्माण विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******